तापमान
अधिकतम 42 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

**रोहतक,** मंगलवार 21 अप्रैल 2026

12 सर्वर डाउन, पोर्टल में गड़बड़ी अंगूठों का नहीं हो ..



12 पंजाब वारियर्स ने फाइनल में स्पेशल सुप्रीमो को दी शिकस्त



## खबर संक्षेप

### युवकों ने झपटी महिला के सोने की चेन

**यमुनानगर।** शहर की कमला नगर कॉलोनी में घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला के गले से बाइक सवार दो युवकों ने सोने की चेन छीन ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कमला नगर निवासी रितु कोहली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रविवार सुबह साढ़े छह बजे अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। उसी दौरान एक अज्ञात युवक उसके पास आया और उनके गले से लगभग एक तोला वजन की सोने की चेन झपटकर भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 2.85 लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर रामपुरा कॉलोनी निवासी चेतन से दो लाख 85 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोपी रोजी व रमनदीप कौर पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रामपुरा कॉलोनी निवासी चेतन ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात रोजी व रमनदीप कौर के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को भी विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। सितंबर 2025 में आरोपियों ने उसे विदेश भेजने के नाम पर दो लाख 85 हजार रुपये और उसके दस्तावेज ले लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बार आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### व्यक्ति से छीने 30 हजार रुपये और मोबाइल

**यमुनानगर।** व्यक्ति से छीने 30 हजार रुपये और मोबाइल यमुनानगर। सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर में ब्रेजा कार सवार चार युवकों ने एक व्यक्ति से 30 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर कार सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव जयधर निवासी अकरम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव भगवानपुर के पास पहुंचा तो ब्रेजा कार में सवार होकर चार युवक आए। आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उससे मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उससे 30 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया।

### हेरोइन तस्करी में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने सूचना के आधार पर 11 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए बाइक सवार युवक बंटी निवासी हुड्डा कॉलोनी घसीटपुर को 9 ग्राम 23 मिलिग्राम हेरोइन सहित पालिका विहार सर्विस लेन से काबू किया था। इसी मामले में 19 अप्रैल 2026 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी लखन वासी बाल्मीकि बस्ती को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है।

### महेंद्र चावला को पुलिस ने रिमांड पर लिया

**पानीपत।** आशाराम बापू व इसके पुत्र नारायण साईं के मुकदमों में मुख्य गवाह रहे महेंद्र चावला, इसके भाई देवेंद्र व इसकी पुत्र राम को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। महेंद्र, देवेंद्र व राम प्रसाद पर 70 लाख की ठगी और 80 लाख की अतिरिक्त रंगदारी मांगने के मामले थाना चांदनी बाग में केस दर्ज है। वहीं, शिकायतकर्ता भगत सिंह के अधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने तीनों का रिमांड मंजूर किया है।

## कुरुक्षेत्र में बच्ची संग माता-पिता ने किया सुसाइड

# मासूम की बीमारी बन गई जान की दुश्मन!

- परिवार में जतिंद्र की मां बिमला देवी बची हैं, जबकी भाई प्रतीक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कनाडा में रहता है

**खौफनाम कदम से हर कोई सन्न**



**कुरुक्षेत्र।** घर के बाहर खड़े परिजन व कॉलोनीवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के प्रेम नगर इलाके से एक ऐसी रूहकंपा देने वाली खबर सामने आई है, जिसने पूरे शहर को सन्न कर दिया है। यहां एक खुशहाल दिखने वाले परिवार ने खौफनाक कदम उठाते हुए मौत को गले लगा लिया। जहां कभी घर में मासूम बच्ची सारा दिन खिल-खिलाती रहती थी अब उस घर में मातम पसरा हुआ है। उनके परिवार में सिर्फ जतिंद्र की मां बिमला देवी बची हैं। साथ ही एक भाई प्रतीक भी है, जो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कनाडा में रहता है। प्रेम नगर में एक दंपती ने पहले अपनी तीन साल की मासूम बेटी को फंदे से लटकाया और फिर खुद भी सुसाइड कर लिया। घर की पहली मंजिल पर जब कमरा खोला गया, तो तीनों के शव एक साथ फंदे से झूलते मिले। इस दर्दनाक घटना का खुलासा तब हुआ जब मृतक जतिंद्र ने आत्महत्या करने से पहले अपने एक करीबी रिश्तेदार को मोबाइल पर टेक्स्ट मैसेज भेजा। मैसेज पढ़ते ही रिश्तेदार के होश उड़ गए और उन्होंने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कृष्ण गेट एसएचओ बलजीत सिंह और डीएसपी सुनील कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर पुलिस टीम भीतर दाखिल हुई। कमरे के अंदर 30 वर्षीय जतिंद्र, उनकी 28 वर्षीय पत्नी मंजू और 3 वर्षीय बेटी अदविका के शव लटक रहे थे। शुरूआती जांच में यह मामला गहरे मानसिक तनाव और बेटी की बीमारी से जुड़ा नजर आ रहा है। जतिंद्र मूल रूप से करनाल के सीकरी गांव के रहने वाले थे। पिछले 15 सालों से वे कुरुक्षेत्र के प्रेम नगर में रह रहे थे। जतिंद्र का एक भाई पिछले कई वर्षों से कनाडा में रह रहा है। पड़ोसियों का कहना है कि जतिंद्र स्वभाव से बेहद शांत थे और कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि वे ऐसा आत्मघाती कदम उठा सकते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से तफ्तीश कर रही है।


### फैक्ट्री में पिकअप की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**पानीपत।** पानीपत के कच्चा काबड़ी फाटक क्षेत्र की गंगाराम कॉलोनी स्थित टेक्सटाइल की फैक्ट्री में पिकअप वाहन की चपेट में आने से करीब पौने दो साल की बच्ची दुआ पुत्री मोहम्मद उवैस की दर्दनाक मौत हो गई। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जहां बच्ची का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इधर, जांच में पता चला कि दुआ अपनी मां के साथ फैक्टरी में आती थी और खेलती थी। वहीं, पिकअप को बैक करने के दौरान यह हादसा हो गया। दूसरी ओर, मोहम्मद उवैस की शिकायत पर पिकअप के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया।

## फसल खरीद नियमों, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और धीमी खरीद पर जताया विरोध

# राादौर में किसानों का प्रदर्शन, मार्केट कमेटी कार्यालय पर जड़ा ताला

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर तीन घंटे तक कार्यालय का घेराव
- बोनस, मुफ्त बिजली व पुराने खरीद सिस्टम लागू करने की मांग



**रादौर।** अनाजमंडी रादौर में मार्केट कमेटी पर ताला लगाते किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को मार्केट कमेटी कार्यालय पर किसानों ने सरकार की किसानों के विरूद्ध नीति के विरोध स्वरूप ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सरकार विरूद्ध नारेबाजी की गई। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में धरना देकर मार्केट कमेटी कार्यालय का तीन घंटे ताला लगाकर घेराव किया। इस अवसर पर भारतीय किसान सभा के नेता जरनैल सिंह सांगवान, दीप राणा नंबरदार व महीपाल चमरौडी विशेष रूप से मौजूद रहे। किसान नेताओ ने फसल खरीद के नए नियमों, इसके पीछे सरकार की मंडियो को बंद करने व पोर्टल के खेल में उलझाने की नीति के विरूद्ध मार्केट कमेटी कार्यालय का 3 घंटे घेराव करके चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन अनुचित नियमों को वापस ना लिया तो आंदोलन ओर तेज किया जाएगा। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन में बहुत सारा समय लग रहा है, जिससे मंडियो में गेट पास बनने में समय लग रहा है। आवक की तुलना में खरीद काफी कम हो गई है। नमी का बहाना बनाकर खरीद को टाला जा रहा है। बे मौसमी बारिश से गेहूं को भीगने से बचाने के लिए मंडियों में ना तो पर्याप्त शेड बने हुए हैं और न ही ढेरियों को ढकने के लिए तिरपाल वगैरा की कोई व्यवस्था है। उठान कार्य धीमा होने के कारण गेहूं का पैसा भी किसानों के खाते में जमा नहीं हो रहा है। नए नियमों को रद्द करके पुराने सिस्टम से खरीदारी की जाए। बारिश से गेहूं व सरसों की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। इसलिए सरकार किसानों को 500 प्रति एकड़ गेहूं पर बोनस दिया जाए। नमी की मात्रा को मौसम के अनुसार बदला जाए। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मसौदे का उद्देश्य सभी कृषि गतिविधियों को निजी निगमों और कारपोरेटीकरण और निजीकरण के प्रयास किए जा रहे है।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर अरविंन कांबोज, अशोक डांगी, प्यारेलाल तंवर, महेंद्र चमरौड़ी, यशपाल, राजबीर पिंडोरा, सुखदेव सिंह काका, राजेश्वरी, पवन गोयल सजय चमरोडी, सण्रविंद्र पाल सिंह, साहिल सेतिया, माण्जंगशेर राणा, सुरेश सांगवान, विनोद डांगी, रोहित कांबोज दामला, मदनलाल, रिसाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर, सीड बिल अधिनियमों को रद्द किया जाए

लिए इस तरह के बड़े पैमाने पर प्रयास धीरे.धीरे सब्सिडी वाले बीज, उर्वरक, कीटनाशक उपलब्ध कराने, सिंचाई व विपणन बुनियादी ढांचे के प्रावधान की किसान कल्याण योजनाओं को नष्ट कर देंगे। संयुक्त किसान मोर्चा मांग करता है की टैरिफ बढ़ोतरी, स्मार्ट मीटर, सीड बिल अधिनियमों को रद्द किया जाए। ट्यूबवेल को मुफ्त बिजली और सभी ग्रामीण उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त दिया जाए। सुभाष गुर्जर ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से यमुनानगर के अलावा जिले के रादौर, छछरौली, साढौरा, बिलासपुर में भी 3 घंटे मार्केट कार्यालय का घेराव किया गया।



**करनाल।** घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व एफएसएल टीम। फोटो : हरिभूमि

**लाइटर मांगने के बहाने वारदात**

# युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के कर्ण विहार क्षेत्र में सोमवार देर रात फायरिंग की एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाशों ने लाइटर मांगने के बहाने युवक को रोककर उस पर गोलियां चला दीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्ज्वल उर्फ मोनू, जो शीशे का काम करता है, रात के समय सेक्टर-16 से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से निकल गया। बताया जा रहा है कि आरोपी उसी समय से उसका पीछा कर रहे थे। जब उज्ज्वल कर्ण विहार क्षेत्र में पहुंचा, तो बदमाशों ने उसे दोबारा रोका और लाइटर मांगा। जैसे ही वह रुका, आरोपियों ने उसकी टांग पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही सेक्टर-32-33 थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को मौके से गोलियों के खोल भी बरामद हुए हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइकर की मौत, दूसरा घायल

**यमुनानगर।** छछरौली-व्यासपुर रोड पर गांव दरियापुर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।गांव कोटड़ा खास निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। वह दोस्त रोकी, निवासी गड़रिया मोहल्ला व्यासपुर, के साथ बाइक पर छछरौली गया था। वापसी के दौरान दरियापुर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला सहित 11 लोगों पर केस दर्ज

- कुवि की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और हंगामा करने के आरोप में मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला सहित 11 लोगों पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और हंगामा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आरके सदन में इनसो की ओर से 7 अप्रैल को आयोजित युवा छात्र संवाद कार्यक्रम के दौरान कुर्सियां तोडने का मामला सामने आया था। इसमें अब विवि ने थाना केयूके में जजपा नेता दिग्विजय चौटाला सहित 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। कुवि के चीफ सिक्योरटी ऑफिसर (सीएसओ) आनंद कुमार की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में कार्यक्रम की अनुमति लेने वाले हिंदी के प्रोफेसर डा. अजायब सिंह को विवि ने पहले ही निलंबित किया हुआ है। सीएसओ के मुताबिक, 2 अप्रैल को डॉ. आरके सदन में 7 अप्रैल को एक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुरोध आया था। इस कार्यक्रम का मकसद युवाओं को नशे से दूर रहने के बारे में बताना और राजनीति में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। यह कार्यक्रम केयू के असिस्टेंट प्रोफेसर अजायब सिंह के माध्यम से बुक किया गया था। एक सामाजिक कार्यक्रम होने के कारण इसे मंजूरी दी गई थी।

### उपचार के बहाने चिकित्सक पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप, केस

**यमुनानगर।** अंबाला में एक महिला ने इलाज के बहाने डॉक्टर पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पंजोखरा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि वह साइटिका की बीमारी से पीड़ित है और 15 अप्रैल को डॉ. मान के पास इलाज के लिए गई थी।आरोप है कि डॉक्टर ने दवा देने के बहाने उसे एक कमरे में बुलाया और कपड़े उतारने को कहा। इसके बाद मालिश के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की गई। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। महिला किसी तरह कमरे से बाहर निकलकर परिजनों और पुलिस को सूचना दे सकी।थाना प्रभारी जय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## संगठित गिरोह के सदस्य गिरफ्तार देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** गिरफ्तार किया गया संगठित गिरोह का सदस्य।

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने एक संगठित गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश जांच शुरू कर दी।

पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पाबनी खुर्द के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पुलिस कर्मचारियों की टीम को गठित कर मौके पर भेजा। टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव बाल छप्पर निवासी मनोज कुमार उर्फ अंकित के रूप में हुई। आरोपी संगठित गिरोह का सदस्य है।

### प्लॉट की सौदेबाजी में एनआरआई महिला से ठगी, आरोपी पर केस

**अंबाला।** छावनी के महेश नगर क्षेत्र में एक एनआरआई महिला से प्लॉट के नाम पर 6.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। लुधियाना निवासी सुरिंदर कौर, जो विदेश में रहती हैं, ने आरोपी अभिषेक मलिक पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।शिकायत के अनुसार, वर्ष 2015 में आरोपी ने गांव बब्याल में 111 वर्ग गज प्लॉट का सौदा कर रजिस्ट्री करवाई, लेकिन कब्जा नहीं दिया। वर्ष 2023 में शिकायत के बाद आरोपी ने गांव बोह में दूसरा प्लॉट देने का झांसा दिया, लेकिन बाद में मुकर गया और धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## जांच में सीसीटीवी बंद और टूटी ग्रिल मिली, प्रबंधन ने आरोपों को बताया निराधार

*न खाना खिलाता था, न परिवार से बातचीत की थी अनुमति, मारपीट भी होती थी*

# डिफेंस एकेडमी से दीवार फांदकर भागीं 3 बच्चियां, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा-शाहाबाद मार्ग पर जलूबी गांव के पास स्थित एक डिफेंस एकेडमी से सुबह तीन बच्चियों का दीवार फांदकर भाग जाना पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर गया है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद संस्थान प्रबंधन खुद को बेदाग बताने में जुटा है। जानकारी के अनुसार, 5 से 9 साल की उम्र की ये तीनों बच्चियां हॉस्टल की दीवार फांदकर किसी तरह बाहर निकल गईं और कुछ ही देर बाद गांव उगाला में संदिग्ध हालत में घूमती मिलीं। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बच्चियों को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया।

### गंभीर आरोप

बच्चियों ने पूछताछ में जो खुलासा किया, वह और भी चौंकाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि एकेडमी में उनके साथ मारपीट की जाती थी, पर्याप्त भोजन नहीं दिया जाता था और परिवार से बात करने तक की इजाजत नहीं थी। इन्हीं हालातों से तंग आकर उन्होंने जान जोखिम में डालकर भागने का कदम उठाया। डीएसपी सुरेश कौशिक के मुताबिक, जांच के दौरान हॉस्टल के कमरे की खिड़की की ग्रिल मुड़ी हुई मिली, जिससे बच्चियों के बाहर निकलने की आशंका है। सबसे गंभीर बात यह रही कि मुख्य गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सुरक्षा व्यवस्था किसके भरोसे चल रही थी? बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन रंजीता मेहता ने बताया कि बच्चियां बेहद डरी हुई थीं और संस्थान में रहना नहीं चाहती थीं। समिति ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एकेडमी को इन बच्चियों का दाखिला रद्द करने के आदेश दिए हैं। दो बच्चियों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है जबकि तीसरी बच्ची के अभिभावकों का इंतजार किया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब छोटे-छोटे बच्चे ही खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, तो ऐसे संस्थानों की निगरानी कौन करेगा? और कब तक मासूमों की सुरक्षा यूं ही खतरे में डाली जाती रहेगी?

### सभी आरोप निराधार

सभी आरोप निराधार है। यहां पर आने वाले सभी बच्चों को संस्थान में बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। बच्चों को किसी भी प्रकार प्रताड़ित नहीं किया जाता है। -दिलजीत सिंह, एकेडमी संचालक।

### 14 किलो अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नाकाबंदी के दौरान ट्रक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 किलो 610 ग्राम अफीम बरामद की, जिसकी कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है। आरोपियों की पहचान हरिन्द्र पाल सिंह उर्फ निकू (नानक नगर, जम्मू-कश्मीर) और रोहित कुमार (उधमपुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने पीपली पुल के पास कार्रवाई करते हुए ट्रक की तलाशी ली। मामले में नशीला पदार्थ मंगवाने वाले आरोपी मंजीत सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को अदालत में पेश कर 9 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### ढांड रोड पर कार की टक्कर से महिला की मौत, भाई घायल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के ढांड रोड पर गुरुकुल के पास तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने ट्रक को ओवरटेक करते हुए सामने से आ रही बाइक रेहड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रेहड़ी पलट गई और हादसे में पिहोवा निवासी पिंकी (50) की मौत हो गई, जबकि उसका भाई हवा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पिंकी कुछ समय पहले मायके आई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी कार चालक का पता लगाया जा रहा है।

## ओपन जिम, बच्चों के खेल उपकरण और सुविधाओं से सजेगा क्षेत्र

# ग्रीन बेल्ट का होगा कायाकल्प सेक्टरों में करोड़ों के विकास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सोमवार को सेक्टर 6 और 7 की ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस परियोजना पर सेक्टर 6 में लगभग 2.94 करोड़ और सेक्टर 7 में 1.92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्रीन बेल्ट में चारदीवारी, ग्रिल, फुटपाथ, ओपन जिम, बच्चों के खेलने के उपकरण, बैठने के लिए बेंच, कूड़ादान और वर्षा से बचाव के लिए शेड जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र घरौंडा विधानसभा के अंतर्गत आता है और पिछले वर्षों में यहां विकास कार्यों को गति मिली है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ नए सिविल अस्पताल और अन्य परियोजनाएं भी क्षेत्र को मजबूती दे रही हैं। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि लगभग 5 करोड़ की लागत से यह कार्य क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। वहीं मेयर रेणु बाला गुप्ता ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की।



करनाल। ग्रीन बेल्ट सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

## बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को मिलेगी नई मजबूतीः महापौर



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने केंद्र सरकार के अर्बन चैलेंज फंड का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना करनाल सहित देश के शहरों के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि इस फंड के तहत शहरी परिवहन, जल आपूर्ति, सीवरेज, स्वच्छता और पारंपरिक बाजारों के पुनर्विकास जैसे क्षेत्रों में बड़े स्तर पर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से शहरों में दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा। मेयर ने कहा कि करनाल पहले ही स्वच्छता और विकास के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका है और अब इस योजना के माध्यम से शहर को और अधिक आधुनिक और सुविधाजनक बनाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के तहत परियोजनाओं के लिए 25 प्रतिशत तक केंद्रीय सहायता मिलेगी, जबकि शेष राशि अन्य वित्तीय स्रोतों से जुटाई जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से करनाल को स्मार्ट सिटी के रूप में और अधिक मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अर्बन चैलेंज फंड के जरिए करनाल में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर परिवहन व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा। यह योजना शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और निवेश के अनुकूल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस का रुख साफ

## भाजपा पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप, आरक्षण का आधार जनगणना हो

■ परिसीमन को लेकर जताई आपत्ति, कहा–महिलाओं के हक के साथ नहीं होने देंगे अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने की। इस दौरान कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी को प्राथमिकता दी है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जनता के बीच यह झूठा प्रचार कर रही है कि कांग्रेस महिला आरक्षण बिल का विरोध कर रही है, जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण बिल के खिलाफ नहीं है, बल्कि पार्टी की आपत्ति केवल परिसीमन प्रक्रिया को लेकर है। उनका कहना था कि आरक्षण का आधार जनगणना होना चाहिए, ताकि सभी वर्गों को न्याय मिल सके। गाबा ने कहा कि 2023 में कांग्रेस ने इस बिल का समर्थन किया था और यदि 543 लोकसभा सीटों पर आरक्षण लागू किया जाता है, तो पार्टी उसका भी समर्थन करेगी।



करनाल। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा।

### पूरा सम्मान मिला

कांग्रेस नेत्री मोनिका डुमरा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं को पूरा सम्मान मिला है और पार्टी ने कभी भी महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के बीच भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर नवजोत कश्यप, सपना राणा, मधुराय कालड़ा, लीना राय कालड़ा, अविनाश यादव, जोगिंद्र वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ दो आरोपित किए गिरफ्तार



करनाल। जिला पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मुनक रोड असंध क्षेत्र से मोनू निवासी गांव गौसाई खेड़ा और सोहनलाल उर्फ सोनू निवासी गांव माण्डी कलां को दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से 9 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले से दर्ज कई चोरी के मामलों में शामिल हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने करनाल सहित रोहतक, यमुनानगर और जींद जिलों में भी वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# प्ले स्कूल का निरीक्षण कर, बच्चों को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना को लेकर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी इंद्री व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इंद्री ने संयुक्त रूप से गीता प्ले स्कूल गुमटी, का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्ले स्कूल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा मानकों, साफ-सफाई, बच्चों के बैठने की व्यवस्था एवं शिक्षण सामग्री का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने प्ले स्कूल प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा व सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने विद्यालय परिसर में सीनियर सेकेंडरी स्कूल व प्ले स्कूल के बच्चों तथा शिक्षकों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया। उन्होंने पोक्सो अधिनियम, 2012 के मुख्य प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी। बच्चों को गुडटच व बैड टच के बारे में चित्रों व उदाहरणों के माध्यम से समझाया तथा उन्हें बताया कि किसी भी असहज स्थिति में तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं। इस दौरान शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया कि वे कक्षा में बच्चों से नियमित संवाद रखें।

# हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को समय पर सहायता देने के निर्देश

■ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक में रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने एडीआर सेंटर में हिट एंड रन मामलों को लेकर गठित कमेटी की बैठक ली। बैठक के दौरान मामलों की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि पीड़ितों व उनके परिवारों को समय पर सहायता मिल सके।

सीजेएम ने सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद 'बचपन बचाओ' अभियान के तहत गठित कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। इसमें बच्चों के हित में संचालित सरकारी योजनाओं को अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।



करनाल। एडीआर सेंटर में बैठक को संबोधित करतीं सीजेएम डॉ. इरम हसन।

# राकेश गर्ग सर्वसम्मति से गोशाला प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी स्थित शांति वन गोपाल गोशाल में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गोशाला के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गोशाला के पिछले दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन करना रहा। गोशाला के पूर्व प्रधान राकेश गर्ग ने पिछले दो वर्षों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

इस दौरान आगामी दो वर्षों के लिए प्रधान पद के चुनाव की प्रक्रिया शिव शक्ति इंटर ग्लोबल के रमेश गुप्ता एवं लाला नाथी राम गुप्ता की देखरेख में करवाई गई। सर्वसम्मति से राकेश गर्ग को गोशाला का प्रधान घोषित किया गया।

### गर्ग ने जताया आभार

प्रधान पद पर पुनः निर्वाचित होने के बाद राकेश गर्ग ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कमेटी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास का वे पूरा सम्मान करेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान अनिल गुप्ता,लाला नाथी राम गुप्ता राकेश गोयल कृष्ण चंद्र सिंगला चौधरी राम सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## उच्च न्यायालय के आदेश पर शहर के कई इलाकों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद करनाल में सोमवार को अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। जिला नगर योजनाकार विभाग की दो टीमों ने पुलिस बल के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर सड़कों के किनारे किए गए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

यह कार्रवाई 2 अप्रैल 2026 को उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत की गई, जिसमें रिहायशी प्लॉटों पर चार मंजिला निर्माण और उससे जुड़े अवैध कब्जों पर सख्ती बरतने के आदेश दिए गए हैं। इसी के तहत प्रशासन की टीमों ने सीएचडी सिटी, नरसी विलेज भाग-एक और अल्फा सिटी क्षेत्रों में अभियान चलाया। यहां सड़कों के साथ किए गए अवैध कब्जों को हटाते हुए कई निर्माणों को तोड़ दिया गया। पूरे अभियान के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में कार्रवाई की गई, जबकि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने पहले से चिन्हित स्थानों पर बिना किसी रुकावट के कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन ने साफ किया है कि शहर में अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अभियान लगातार जारी रहेंगे।



# मंडी के गेट बंद कर किसानों ने किया प्रदर्शन

## बायोमेट्रिक सत्यापन और नए नियमों का किया विरोध, पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा की मंडियों में लागू किए गए बायोमेट्रिक सत्यापन और नए नियमों के विरोध में सोमवार को किसानों ने करनाल की नई अनाज मंडी में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के गेट बंद कर धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ यह धरना दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान किसानों ने कहा कि नए नियमों के कारण उन्हें अपनी फसल बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पहले की तरह सरल व्यवस्था लागू की जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर करनाल सहित प्रदेश की कई मंडियों में किसानों ने इसी तरह प्रदर्शन करते हुए मंडी कार्यालयों के गेट बंद कर दिए और बाहर बैठकर विरोध जताया। किसानों का कहना था कि फसल खरीद की प्रक्रिया को जटिल बनाने से उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। भारतीय किसान यूनियन के किसान नेता सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि सरकार और प्रशासन को पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। 11 अप्रैल को भी किसानों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया था, फिर भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।



करनाल। नई अनाज मंडी में गेट बंद कर धरने पर बैठे किसान।

### नए कानून किसान विरोधी

सांगवान ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा लाए गए नए कानून पूरी तरह किसान विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों पर दबाव बनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि सरकार को उनकी परेशानियों को समझना चाहिए। धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से मांग की कि मंडियों में पहले की तरह फसल खरीद की व्यवस्था को दोबारा लागू किया जाए। किसानों ने कहा कि पहले वे आसानी से अपनी फसल बेच लेते थे, लेकिन अब गेहूं बेचने में उन्हें काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

# पॉश एक्ट, शिकायत प्रक्रिया और अधिकारों को लेकर प्रतिभागियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो. अनीता यादव ने भाग लिया।

उन्होंने पॉश एक्ट के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यौन उत्पीड़न केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मौखिक और गैर-मौखिक रूपों में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं पीड़ित के मानसिक और सामाजिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डालती हैं, इसलिए समय रहते इसकी शिकायत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों को सी-बॉक्स पोर्टल सहित शिकायत दर्ज कराने की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। मुख्य वक्ता ने आंतरिक शिकायत समिति (ICC) की भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह समिति पीड़ितों को न्याय दिलाने और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं से बिना किसी भय के आगे आकर अपनी बात रखने का आह्वान किया।

निदेशक छात्र कल्याण प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहीं सकारात्मक और स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय डॉ. उमा प्रजापति द्वारा किया गया।



करनाल। प्रतिभागियों को संबोधित करती मुख्य वक्ता प्रो. अनीता यादव।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दें

## पॉक्सो एक्ट को लेकर बच्चों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सीडीपीओ इंद्री और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इंद्री की संयुक्त टीम ने गीता प्ले स्कूल, गुमटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की सुविधा और शिक्षण सामग्री का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने प्रबंधन को बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी द्वारा स्कूल परिसर में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें बच्चों और शिक्षकों को पॉक्सो अधिनियम 2012 की जानकारी दी गई। बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया और उन्हें किसी भी असहज स्थिति में तुरंत अभिभावकों या शिक्षकों को बताने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और महिला हेल्पलाइन 1091 के बारे में भी जानकारी दी गई।



## एनडीआरआई के पूर्व प्रमुख ने किसानों को दी वैज्ञानिक सलाह

# खनिजों की कमी से बढ़ रही रिपीट ब्रीडिंग समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

डेयरी पशुओं, विशेषकर भैंसों में बार-बार गर्भ न ठहरने की समस्या किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इस समस्या का मुख्य कारण खनिजों की कमी और असंतुलित आहार है। यह जानकारी आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) के पूर्व प्रमुख डॉ. दलीप गोसाईं ने किसानों को संबोधित करते हुए दी।

फिरोजपुर (पंजाब) से आए किसानों के समूह के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान तकनीक के बढ़ते उपयोग के बावजूद यदि पशुओं को संतुलित पोषण नहीं मिलता, तो गर्भधारण दर प्रभावित होती है और रिपीट ब्रीडिंग की समस्या बढ़ती है। उन्होंने चिंता जताई कि उपस्थित किसी भी किसान द्वारा अपने पशुओं को मिनरल मिक्सचर नहीं दिया जा रहा था। डॉ. गोसाईं ने किसानों को सलाह दी कि प्रत्येक भैंस को उसकी शारीरिक स्थिति और दूध उत्पादन के अनुसार प्रतिदिन 50 से 100 ग्राम मिनरल मिक्सचर देना चाहिए। इससे शरीर में खनिजों की कमी दूर होती है।



करनाल। रिपीट ब्रीडिंग की समस्या के बारे में जानकारी देते डॉ. दलीप गोसाईं।

### पशुओं को संतुलित आहार दें

उन्होंने बताया कि संतुलित मिनरल मिक्सचर में कैल्शियम और फॉस्फोरस जैसे प्रमुख खनिज होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती और दूध उत्पादन के लिए जरूरी हैं। वहीं कॉपर, जिंक, मैंगनीज, कोबाल्ट, आयोडीन और आयरन जैसे सूक्ष्म खनिज हार्मोन संतुलन और सफल गर्भधारण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि एनडीआरआई द्वारा विकसित वैज्ञानिक प्रोटोकॉल अपनाने से भी इस समस्या में सुधार संभव है। फील्ड परीक्षणों में मिनरल मिक्सचर और संतुलित आहार अपनाने पर गर्भधारण दर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पैनल चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव शाहपुर निवासी किसान सुमित के खेत से 10 किलोवाट का सोलर स्टार्टर और ट्यूबवेल की तारें चोरी हो गईं। सुमित ने सोलर पंप केंद्र सरकार की योजना के तहत लगवाया था। इधर, सुमित की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### जिला प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन 23 को

**पानीपत।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तहत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला पानीपत अंदर-19 क्रिकेट टीम का चयन वीरवार 23 अप्रैल को सुबह सात बजे पानीपत क्रिकेट अकादमी, बरसत रोड, गांव भैंसवाल, पानीपत में किया जाएगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जितेंद्र सिंह ने देते हुए बताया कि इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल देने के कार्यक्रम में अपने जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित कॉपी लेकर आए।

### प्रयाग स्कूल में दो द्विसीय हिंदी कार्यशाला संपन्न

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल गांव सिवाह में शिक्षक वर्ग के लिए दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीबीएसई की ओर से कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत की गई। वहीं, कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के भाषा कौशल को सुदृढ़ करना, एनईपी 2020 की नीतियों के अंतर्गत शिक्षण विधियों को अधिक प्रभावी बनाना तथा कक्षा-कक्ष में हिंदी के रचनात्मक उपयोग को बढ़ावा देना था। वहीं, कार्यशाला में डॉ. वीरेंद्र सिंह व डॉ. निर्मल पोपली ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान भेंट किए।

### मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस ने जलालपुर प्रथम से रिशपुर रोड पर भूपेंद्र उर्फ काला पुत्र प्रेम निवासी गांव अधमी जिला पानीपत को 244 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि आरोपी पर थाना सनौली खुर्द में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं, आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### निबंध लेखन में संजना ने देश में पाया द्वितीय स्थान

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज की एमए इंग्लिश (फाइनल वर्ष) की मेधावी छात्रा संजना ने राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हिंदू कन्या महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' एवं भारत कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीलम, डॉ. निधान सिंह, डॉ. सीमा, डॉ. प्रवीन कुमार ने संजना को बधाई दी।

### पेंडेंसी को जल्द समाप्त करें अधिकारी: डीसी

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों और कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेंडेंसी को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। प्रशासन का मूल उद्देश्य आम जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### पेंशन धारकों से आय प्रमाण पत्र मांगा

**पानीपत।** पानीपत जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि हरियाणा में ई-पेंशन प्रणाली के तहत खजाना/उप-खजाना कार्यालय से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी सम्मानित पारिवारिक पेंशनधारकों (जीवनसाथी के अलावा) को, एचसीएस (पेंशन) नियम, 2016 के अनुसार अपनी पारिवारिक पेंशन जारी रखने के लिए, हर साल अप्रैल और नवंबर के महीने में खजाना/उप-खजाना कार्यालय में अपना आय प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है।

---

### मॉडल टाउन में 22 करोड़ से बनेगा बहुउद्देशीय हॉल

# मुख्यमंत्री नायब सैनी का मंत्र अंत्योदय का उत्थान: विधायक

हॉल के निर्माण से शहरवासियों को मिलेगा वैवाहिक व सामाजिक समारोह के लिए स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 20 माडल टाउन में 22 करोड़ की लागत से आधुनिक सर्व सुविधा युक्त बहुउद्देशीय हॉल सरकार के द्वारा शहरी समग्र योजना के तहत निर्माण कराया जाएगा। वहीं, विधायक प्रमोद विज के द्वारा लंबे समय से इस हॉल के निर्माण हेतु प्रयास किया जा रहा था। विधायक विज के द्वारा पूर्व में भी शहर में लगभग 140 भवनों का निर्माण कराया गया है। जिनका लाभ शहर वासियों को मिल रहा है। वहीं, आधुनिक सर्व सुविधा युक्त बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण से शहर वासियों को वैवाहिक एवं सामाजिक समारोह हेतु नवीन स्थान मिलेगा। यह भवन लग्ज़री बैकेट हॉल के तर्ज पर बनाया जाएगा, जिसके अंदर बेसमेंट में पार्किंग, डाइनिंग एरिया, किचन, हॉल,लिफ्ट और पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की सुविधा होगी। इस अवसर पर हुक्मचंद मेहता व पार्षद तरूण गांधी समेत श्री राधा माधव कल्याण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पानीपत। विधायक प्रमोद विज को स्मृति चिंह भेंट करते हुए श्री राधा माधव कल्याण समिति के हुक्मचंद मेहता।

#### पानीपत को बनाया जा रहा विकसित

दूसरी ओर, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि पानीपत को विकसित नगर बनाया जा रहा है। वहीं भाजपा की प्रदेश सरकार का मंत्र अंत्योदय का उत्थान है, गरीब का जीवन कैसे बढ़िया हो, इस हेतु मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार निरन्तर कार्यरत हैं, शीघ्र ही हॉल का निर्माण शुरू किया जाएगा। दूसरी ओर विधायक प्रमोद विज ने श्री राधा माधव कल्याण समिति के सोहलवें पुस्तक वितरण समारोह में भाग लिया और जरूरमंदों को पुस्तकें भेंट की।


---

# जनगणना प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए स्वगणना शुरू : उपायुक्त

- पानीपत में हाउस लिस्टिंग का कार्य एक मई से शुरू होगा
- स्वगणना के लिए 16 में से चुन सकते हैं पसंद की भाषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जनगणना 2027 के अंतर्गत जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना का विकल्प शुरू हो गया है, जोकि आगामी 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। सोमवार को पानीपत जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने स्व-गणना करते हुए जिलावासियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया है। डॉ दहिया ने बताया कि नागरिक स्व-गणना के लिए 16 भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं। फार्म में कुल 33 सवालों के जवाब देने होंगे।



पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, जनगणना के लिए स्व-गणना करते हुए।

#### 30 तक होगा मकान सूचीकरण कार्य

उन्होंने बताया कि जिला में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य एक से 30 मई तक किया जाएगा। यह कार्य जनगणना की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से प्रत्येक भवन, मकान एवं परिवार से संबंधित आधारभूत आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं।

### गुरुकुल के छात्र युवराज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान किया प्राप्त

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के लिए एक और गौरव की बात यह है कि कक्षा 9 के छात्र युवराज कुमार ने अंतरराष्ट्रीय तर्क एवं योग्यता ओलंपियाड 2025-26 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करके उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए युवराज कुमार को पदक, प्रमाण-पत्र और 2500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाती है, बल्कि संस्थान द्वारा पोषित मजबूत शैक्षणिक वातावरण का भी प्रमाण है। यह उपलब्धि साइंस टीचर सुशील कुमार के प्रयासों से संभव हुई, जिनके निरंतर समर्थन और सटीक मार्गदर्शन ने युवराज की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

# स्पीनिंग उद्योग मजदूरों ने दिया धरना

- इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन के नेतृत्व में होली पार्क किया प्रदर्शन
- पूंजीपति वर्ग की दमनकारी नीतियों से श्रमिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जब तक भूखा इंसान रहेगा धरती पर तूफान रहेगा इस नारे के साथ सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन से संबंधित इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन के नेतृत्व में हाली पार्क के अंदर स्पीनिंग उद्योग के मजदूर की सभा की शुरुआत की गई। इसके अलावा शिव वर्मा स्मारक भवन गीता कॉलोनी में सीटू जिला की बैठक आयोजित कर पानीपत में मजदूर आंदोलन तेज करने के लिए भविष्य की कार्य योजना बनाई गई। सीटू के राज्य सचिव का. सुनील दत्त, विनोद देशवाल ने मजदूरों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश का निर्माता मजदूर वर्ग पूंजीपति शासक वर्ग की शोषणकारी नीतियों के चलते बड़ी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। देश का मजदूर वर्ग शासक वर्ग की इन दमनकारी नीतियों का मुंह तोड़ जवाब दे रहा है। इस अवसर पर इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन के प्रधान जय भगवान, सचिव रामकुमार यादव, नवीन सपड़ा, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान बंटी, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान निर्मला अहलावत आदि मौजूद रहे।



पानीपत। पानीपत के हाली पार्क में प्रदर्शन करते स्नीनिंग उद्योग के श्रमिक।

---

# बच्चों को गीता के सुसंस्कार अवश्य दें: ज्ञानानंद

- भजन संध्या में साध्वी पूर्णिमा ने राधा नाम का बृज रस बिखेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जन सेवा दल व अपना आशियाना द्वारा आयोजित दिव्य गीता सत्संग एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन अपनी अनेक स्मृतियां बिखेर नए सोपान स्थापित कर संपन्न हुआ। श्री देवी मंदिर में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा जियो गीता के संग, सीखो जीने का ढंग विषय माला के अंतर्गत उनके श्रीमुख से श्री गीता पाठ, सत्संग सेवा, सिमरन, बच्चों में सुसंस्कार जागृत करने का भाव, युवाओं की दुष्प्रवृति से हटा कर जीवन को सद्मार्ग की ओर चलने को प्रेरित किया। वहीं दूसरी ओर एक शाम ठाकुर जी के नाम में साध्वी पूर्णिमा दीदी वृंदावन द्वारा श्रद्धालुओं के जनसैलाब में खूब राधा नाम का ब्रज रस बिखेरा।





पानीपत। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया जन सेवा दल के प्रधान श्री कृष्ण मनचंदा, महासचिव चमन गुलाटी, धर्मप्रचारक युधिष्ठिर शर्मा, राजू कथूरिया, राजेश गांधी, श्याममम लाल खूंगर, अशोक मिगलानी, लेखराज जताना, अशोक अरोरा, यश बांगा, नारायण कपूर, ओमप्रकाश व राजपाल आदि उपस्थित रहे।

समारोह में चेतना आश्रम ऋषिकेश से स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद ने विशेष रूप से समारोह का गौरव बढ़ाया। वहीं जन सेवा दल के सभी सेवकों को आशीर्वाद देकर सेवा भावना के प्रति मनोबल बढ़ाया।

---

# शादी के लिए लोगों को दिए जाएं गैस सिलेंडर: डॉ. वीरेंद्र



पानीपत। जनता समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए डीसी व एसपी आदि अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

**समाधान शिविर बना जनता के भरोसे का मंच**

जिला सचिवालय में आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समस्याओं की सुनवाई की। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता हर जरूरतमंद तक समय पर सहायता पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष परिस्थितियों-जैसे घर में शादी या अन्य जरूरी अवसर पर यदि किसी पात्र व्यक्ति को गैस सिलेंडर जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती है, तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर सख्त संदेश देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---



पानीपत। बार एसोसिएशन के ऑफिस में प्रभु परशुराम को नमन करते अधिवक्ता।

# बार एसोसिएशन में जन्मोत्सव पर परशुराम को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय में भगवान परशुराम को उनके जन्मोत्सव पर नमन किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान रितेश शर्मा एडवोकेट ने करते हुए साथी वकीलों के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र दुहन, उप प्रधान आशिमा कौशिक, सचिव संदीप शांडिल्य, रामफल कौशिक, सुनील भारद्वाज, राघव शर्मा, सुखबीर शर्मा, सुनील शर्मा, अशोक ग्रोवर, दीपा मलिक, वीरेंद्र मलिक, जितेंद्र कुंडू समेत बडी संख्या में वकीलों ने प्रभु परशुराम को नमन किया। दूसरी ओर, गांव गांजबड़ स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम का पूजन किया। इस अवसर पर पंडित शोभा राम, पंडित विष्णु दत्त शास्त्री, पंडित देवेंद्र स्वरूप समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# मांगों पर संयुक्त किसान मोर्चा ने मार्किट कमेटी पर ताला लगाया





पानीपत। संयुक्त किसान मोर्चा मार्केट कमेटी ऑफिस पर प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- प्रदेश सरकार से मंडियों में से गेहूं का उठान व बारदाना उपलब्ध कराने की मांग

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में मार्केट कमेटी अनाज मंडी कार्यालय पर किसान बिक्री हुई फसल के किसान के खाते में जल्द पैसे डालने, उठान करने, बारदाने की कमी को पूरा करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्केट कमेटी कार्यालय का ताला बंद व गेट जाम किया गया। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि तुरंत इन समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो भविष्य में सरकार के खिलाफ आंदोलन और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी के संयोजक जयकरण कादयान ने की। संचालन संयुक्त किसान मोर्चा के जिला सह संयोजक मजदूर संगठन सीटू के राज्य सचिव का.सुनील दत्त ने किया। विरोध कार्रवाई के अंदर भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसान भवन पानीपत व अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में की गई। धरने को यूनियन के जिला युवा प्रधान बिंटू मलिक, उप प्रधान अनिल कादियान, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल, कोषाध्यक्ष कंवर सिंह छोकर, किसान सभा के प्रेस सचिव रोहतास मलिक, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य महाशिव राजेंद्र छोकर, आढ़ती एसोसिएशन जिला प्रधान धर्मवीर मलिक ने संबोधित किया।

---

**प्रशिक्षण** | विधिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता पर पुलिस अधिकारियों को ट्रेनिंग दी

# गिरफ्तारी के समय निर्धारित विधिक प्रावधानों का पालन करें प्रत्येक पुलिस अधिकारी: एसपी

- पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ बनाने एवं उन्हें विधिक प्रक्रियाओं के प्रति अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे है। सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में डिप्टी डायरेक्टर ऑफ प्रॉसिक्यूशन राजेश चौधरी और जिला न्यायवादी संजीव कुमार द्वारा प्रशिक्षण शत्र में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट इंचार्जों व चौकी इंचार्जों को गिरफ्तारी से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और प्रशिक्षण के महत्व बारे बताया कि वर्तमान समय में पुलिस की भूमिका केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी करते समय निर्धारित विधिक प्रावधानों का पालन करना प्रत्येक पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है। जबकि डिप्टी डायरेक्टर ऑफ प्रॉसिक्यूशन राजेश चौधरी ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान गिरफ्तारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सरल एवं स्पष्ट तरीके से समझाते हुए कहा कि किसी भी मामले में गिरफ्तार करने से पहले पर्याप्त साक्ष्य एवं उचित आधार होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों को आरोपी की गिरफ्तारी के समय उसके अधिकारों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने, आरोपी की गिरफ्तारी से संबंधित प्रावधानों, आरोपी के अधिकारों तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में अधिकारियों को विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।



पानीपत। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ट्रैनिंग कैंप में संबोधन करते हुए।

#### प्रत्येक कार्रवाई का पारदर्शी बनाएं पुलिस कर्मी

इधर, जिला न्यायवादी संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस, प्रत्येक कार्रवाई को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाएं। प्रत्येक कार्रवाई का पूर्ण एवं सही रिकॉर्ड रखें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी जटिलता से बचा जा सके। प्रशिक्षण शत्र में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने विषय पर अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

---

# महिला आरक्षण बिल गिराकर विपक्षी दलों ने मातृशक्ति का किया अपमान : चुघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



महिला आरक्षण को लेकर देश की राजनीति अब गरमाती जा रही है। भाजपा सरकार द्वारा नारी शक्ति अधिनियम बिल पेश किए जाने के बाद पूर्ण बहुमत न मिलने पर अब भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा नेता व पार्षद सुधीर चुघ ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया और इसे मातृशक्ति का अपमान बताया। उन्होंने कांग्रेस पर अंग्रेजी मानसिकता से चलने का आरोप लगाया। सुधीर चुघ ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध करना यह दर्शाता है कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने देश के साथ, नारी शक्ति, मातृशक्ति के साथ धोखा किया है। उन्होंने इसे मातृशक्ति का अपमान बताया और कहा कि देश की महिलाएं इसका जवाब देंगी। कहा कि कांग्रेस अंग्रेजी मानसिकता से चल रही है। सुधीर चुघ ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने भले ही सदन में वोट की राजनीति कर महिलाओं के अधिकारों का रास्ता रोकने का प्रयास किया हो, लेकिन वे देश की मातृशक्ति के हौसलों को नहीं तोड़ पाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाएं जागृत हैं और आने वाले सभी चुनावों में जनता इस विपक्ष को संसद और विधानसभाओं में वोट देने के लायक भी नहीं छोड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### दो तस्करों से 24 ग्राम हेरोइन बरामद

**अंबाला।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो नशा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से कुल 24 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने प्रबंधक थाना बराड़ा के नेतृत्व में गांव अद्योया के पास घेराबंदी कर आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 07 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। दूसरे मामले में पुलिस ने नारायणगढ़ के गांव बधौली के पास नशा बेचने के आरोप में हैप्पी को काबू किया। उसके कब्जे से 17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी चोरी, लूट, एनडीपीएस, लड़ाई-झगड़ा, आर्म्स व हत्या के मामले में अंबाला, यमुनानगर व कुल्लू हिमाचल प्रदेश में लगभग 11 मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद उनहें जेल भिजवा दिया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते गोविंद डेयरी गीता नगरी बलदेव नगर से दुकान के काउंटर से नकद राशि चोरी करने के मामले में आरोपी को मनमोहन नगर से काबू किया है। शिकायतकर्ता विकास ने 19 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अप्रैल को आरोपी अजय ने उसकी दुकान के काउंटर पर रखे गल्ले से 10 हजार रूपये की नकद राशि चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय उर्फ चाकू के रूप में हुई है।

### चोरी के आरोपी से गेहूं बरामद

**अंबाला।** पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता जरनैल सिंह ने 17 अप्रैल को थाना साहा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विकास कुमार व अन्य ने केसरी में स्थित उसके घर का ताला तोड़ कर 3 बड़े कट्टे गेहूं चोरी किए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गेहूं बरामद की है। आरोपी की पहचान विकास कुमार वासी गांव केसरी के रूप में हुई है। इसी तरह शिकायतकर्ता निखिल की शिकायत पर पुलिस ने 2 नवंबर 2025 को केस दर्ज किया था। निखिल ने घर का कुंडा तोड़कर , सिलेंडर व अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने किया अनाज मंडी का दौरा

# सर्वर डाउन, पोर्टल में गड़बड़ी अंगूठों का नहीं हो रहा मिलान

**सुरजेवाला बोले: न खरीदी, न बारदाना, न उठान, न ही बिक्री का भुगतान**




अंबाला। अनाजमंडी में आई फसल को जांचते सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व किसानों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने किया सोमवार को अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व विधायक जसबीर मलौर के निवास पर मीडिया से बातचीत की। अनाजमंडियों में अव्यवस्थाओं को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला किया। कहा कि प्रदेश भर की अनाज मंडियों में भाजपाई बदहाली और बदनीयति से फैले हाहाकार और किसानों-मजदूरों-आढ़तियों पर पड़ती चौतरफा मार की गवाही सड़कों पर बिखरी पड़ी है। पर मन से बेईमान, आंख से अंधी और कान से बहरी नायब सैनी सरकार को जमीनी हालात दिखाई नहीं देते। सीएम नायब सैनी धृतराष्ट्र की भूमिका में आंखें बंद करे बैठे हैं। किसान लुट रहा है व मजदूर तथा आढ़ती पिट रहे हैं। उन्होनें पूर्व विधायक के आवास पर भगत धन्ना की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में धन्ना के चित्र पर पुष्पांजलि भेंट की । उन्होंने कहा कि प्रदेश भर की मंडियों को 'बदइंतजामी और बदनीयती' से भाजपा सरकार ने किसान सताओ, लूट मचाओ केंद्र' बना दिया है। अनाज मंडिया फुल हैं... किसानों और आढ़तियों के सब्र का बांध टूट रहा है, मगर नायब सरकार 'बहानों के पोर्टल' के पीछे, 'नाकारेपन की सैर' पर मस्त है।

#### गेहूं की आवक तेज, उठान धीमा

मंडियों में लगातार गेहूं की बढ़ती आवक के बावजूद सरकारी खरीदी कछुए की चाल चल रही है। उठान तो ना के बराबर है... नतीजा मंडियों में दाना धरने की जगह नहीं बची। सुरजेवाला ने कहा कि 14 दिन बाद भी प्रदेश भर की मंडियों में 28.84 लाख मीट्रिक टन गेहूं बिखरा पड़ा है। हालत ये है कि मंडी के भीतर जगह न होने से अब बाहर की सड़कों पर गेहूं के ढेर लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'खेती-किसानी' के लिए भाजपा 'दोमुंहा सांप' साबित हो रही है।. जब मुआवजे की बारी हो तो बीमा कंपनियों के साथ किसानों को ठगती हैं। बची फसल के एमएसपीपर खरीदी की बारी हो तो प्राइवेट सिस्टम से लूटती है।

#### 70 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त पड़े

सुरजेवाला ने कहा कि सच्चाई यह है कि मौसम की मार से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे से इनकार और फिर एमएसपी पर सरकारी खरीदी का झांसा देकर खुलेआम घपलेबाजी, और अत्याचार किया जा रहा है। यहां गुरू गोविंद सिंह विवि स्थापित न किए जाने के प्रश्न पर कहा कि भाजपा सरकार ने विकास के साथ साथ शिक्षा में भी प्रदेश को बहुत पीछे धकेल दिया है । नए विश्वविद्यालय बनाना तो दूर की बात है पहले से कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित किए शिक्षा संस्थान में भी 70 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त पड़े हैं ।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर, जिला परिषद सदस्य ठाठ सिंह चौहान, यमुनानगर से कांग्रेस नेता सतीश तेजली, मेयर प्रत्याशी कुलविंदर कौर सैनी, सुरजीत पंजोखरा, पूर्व सदस्य मिथुन वर्मा, राजदीप सिद्धू, कृपाल सैनी,जग्गी कलरहेडी, जगदेव सधूं सुच्चा सिंह करधान, नीटू चेयरमैन, तरणदीप पूनिया ,बलजिदर बलाना, गुरजीत बलाना, लाभ सिंह ठरवा, टिंका कांवला, प्रीतम सिंह माजरी, बलजिंदर खैरा, सीतू गुलाटी, रणजीत नग्गल, अवतार केसरी, मान सिंह, काला मलौर, धर्मवीर मलौर, काला दुर्गानगर मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत के श्रवण से ही मोक्ष प्राप्ति सम्भव: गोपाल दास



अंबाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते बाबा गोपाल दास महाराज।

- श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सुनाया नारद जन्म प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गद्दी श्री सिद्ध किराना सहारनपुर के पीठाधीश्वर बाबा गोपाल दास महाराज ने जैन कॉलेज के पीछे रविदास माजरी रोड स्थित गद्दी सिद्ध किराना मंदिर में चल रही भागवत कथा में ज्ञान की डुबकियां लगवाते हुए कि कहा कि नारद का पूर्व जन्म एक दासी पुत्र के रूप में हुआ था। उन्हें बचपन से ही संतों की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संतों के संग में रहकर उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को आत्मसात किया। चातुर्मास के दौरान संतों के सत्संग और उनके उपदेशों ने उनके जीवन को पूर्णतः परिवर्तित कर दिया। संतों के आशीर्वाद से ही वे आगे चलकर देवर्षि नारद के रूप में प्रसिद्ध हुए और तीनों लोकों में भगवान का गुणगान करते हुए विचरण करने लगे। उन्होंने कहा कि इस पवित्र ग्रंथ का आरंभ महार्षि शुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई कथा से हुआ। जब राजा परीक्षित को श्रापवश सात दिन में मृत्यु का ज्ञान हुआ, तब उन्होंने गंगा तट पर बैठकर मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रीमद भागवत का श्रवण किया।

#### श्रोताओं का मन मोहा

महर्षि शुकदेव जी ने उन्हें सात दिनों तक यह दिव्य कथा सुनाई जिससे यह ज्ञान गंगा पूरे संसार में प्रवाहित हुई। उन्होंने कहा कि वेदव्यास ने वेदों का विभाजन कर उन्हें चार भागों में व्यवस्थित किया तथा महाभारत और श्रीमद्भागवत महापुराण जैसे महान ग्रंथों की रचना की। उन्हें भगवान का अंशावतार माना जाता है, जिनका उद्देश्य धर्म की स्थापना और मानवता को ज्ञान का प्रकाश देना था। बाबा गोपाल दास कथा का श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। इस अवसर पर बाबा गोपाल दास महाराज द्वारा गाए गए भजनों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा प्रतिदिन सांय 3 से 6 बजे तक हो रही है। यह 25 अप्रैल तक जारी रहेगी।



### माता हिंगलाज का भव्य मंदिर निर्मित किया जाए

**पंचकूला।** हरियाणा साहित्य एवम संस्कृति अकादमी और पंजाबी समाज सभ्याचारक मंच, पंचकूला के तत्वावधान में 19-04-2026 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पंचकूला में रंगारंग बैसाखी उत्सव और माता हिंगलाज भवानी पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और हिंगलाज माता की आरती के साथ श्रद्धापूर्वक किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरदार गुरविन्दर सिंह बाहरा, मुख्य वक्ता कुलदीप चंद अग्निहोत्री, विशिष्ट अतिथि भारत भूषण भारती और वशिष्ट अतिथि श्री नव रतन मुंजाल उपस्थित रहे। पंजाबी समाज सभ्याचारक मंच के प्रधान आरपी मल्होत्रा ने संबोधन में कहा कि मां हिंगलाज भवानी पंजाब हरियाणा राजस्थान दिल्ली हिमाचल और जम्मू कश्मीर में रहने वाले बहुत बड़े क्षत्रिय समाज की कुलदेवी है उन्होंने मांग रखी कि पंचकूला क्षेत्र में पूजा अर्चना के लिए क्षत्रिय समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता का भव्य मंदिर निर्मित किया जाए जिस पर श्री भारत भूषण भारती जी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाये जायेंगे । इस अवसर पर माता हिंगलाज शक्तिपीठ पर बनी एक डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

# मिस फेयरवेल पलक, मिस्टर का खिताब यशराज को

- बीकॉम फाइनल की छात्रों को दी भव्य विदाई
- कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने जमकर की मस्ती
- पंजाबी गीतों पर मचाया धमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह प्राचार्य रोहित कुमार के निर्देशन एवं कार्यकारी प्राचार्य सुभाष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने से हुई। अपने संबोधन में कार्यकारी प्राचार्य सुभाष कुमार ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण स्थान भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर आगे बढने तथा ईमानदारी और परिश्रम के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की इंचार्ज प्रोफेसर रेनू कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी महाविद्यालय की शान हैं और मेहनत व सकारात्मक सोच से हर सपना पूरा किया जा सकता है। वाणिज्य विभाग की शिक्षिकाओं डॉ. सुमन लता, आशिमा ठाकुर, निशा, डॉ. सपना गुप्ता, डॉ. मनीषा और डॉ. सपना सैनी ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफलता के लिए प्रेरित किया।

#### आभार व्यक्त किया

विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव सांझा किए और शिक्षकों को टाइटल देकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेलों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। समारोह में मिस फेयरवेल पलक, मिस्टर फेयरवेल यशराज, मिस ब्यूटीफुल मनदीप, मिस्टर हैंडसम आशीष, मिस टैलेंटेड महक और मिस्टर टैलेंटेड सुमित चुने गए। कार्यक्रम का मंच संचालन बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं साक्षी और रुचिका ने किया। इस अवसर पर प्रो. आयुष, डॉ. पूजादीप, डॉ. सोनिया ढुआ, लाइब्रेरियन कुलकेतन, रूमा तथा नवीन भी उपस्थित रहे। समारोह भावनात्मक एवं यादगार रहा जिसमें विद्यार्थियों ने कॉलेज जीवन की सुंदर यादों को संजोते हुए नए सफर की ओर कदम बढ़ाया।

## धन्ना भगत ने श्रद्धा व अटूट विश्वास से प्रभु को पाया था



शहजादपुर। धार्मिक कार्यक्रम में मौजूद सिख संगत। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव भारांपुर स्थित गुरुद्वारा भगत धन्ना मे भगत धन्ना का जन्म दिवस बड़ी श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रागी मनजीत सिंह,ढाडी जसवंत सिंह सहित अन्य ने कथा कीर्तन, व ढाडी वारो से सिख इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने भगत धन्ना के जन्म दिवस पर लख लख बधाई देते हुए कहा कि श्रद्धा व विश्वास से हम परमात्मा को प्राप्त कर सकते है जिस प्रकार से धन्ना भगत ने अपनी श्रद्धा व अटूट विश्वास से प्रभु की प्राप्ति की। उन्होंने कहा कि हमे हर समय वाहेगुरु के नाम का सिमरन करना चाहिए क्योंकि नाम सिमरन करने से सब दुख दर्द दूर होते है और सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगत धन्ना जी के जीवन पर प्रकाश डाला और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी को पढ़कर उस पर अमल करने की बात कही। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। इस अवसर पर प्रधान राम कर्ण, जगमाल सिंह, हरियाणा सिख मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य गुरजीत सिंह धमोली, मुख्तयार सिंह बपोली, गुरतिंद्र सिंह,राम निवास, अवतार सिंह, जरनैल सिंह बड़ागढ़, जीत सिंह,नाहर सिंह,निन्दर सिंह, शेर सिंह सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए की पूजा ने मारी बाजी, शिवानी द्वितीय

- एमडीएसडी कॉलेज में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" थीम पर प्रतियोगिता



अंबाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" थीम पर एक भारत श्रेष्ठ भारत सैल एवं एनडीएलआई क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. मंजू तोमर एवं डॉ. कौशल चौहान के मार्गदर्शन में किया गया। सह-संयोजक के रूप में रेनू शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन उप-प्राचार्या निशु बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। साथ ही वरिष्ठ संकाय सदस्य करमजीत कौर तथा एनडीएलआई क्लब की सचिव सीमा अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इसके अतिरिक्त अन्य संकाय सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिनमें फिजिकल विभाग से डॉ. जसप्रीत कौर, राजनीति विज्ञान विभाग से धनंजय तथा इकोनॉमिक्स विभाग से डॉ. मोनिका शामिल रहीं।

### लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों की आंतरिक सड़कों से अतिक्रमण हटेगा

## आवासीय कॉलोनियों में 4 फ्लोर निर्माण पर रोक डीटीपी ने अवैध निर्माण तोड़ने के दिए आदेश

**डीटीपी ने साफ कहा कि अगर निर्देशों की अनुपालन न हुई तो संलिप्त के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने आवासीय भूखंडों के लिए स्टिल्ट 4 फ्लोर पॉलिसी के साथ आगे बढने पर रोक लगा दी है। जिला योजनाकार अधिकारी रोहित चौहान ने बताया कि सरकार ने हरित /लॉन/लैंडस्केप क्षेत्रों के साथ सीमा दीवारों के निर्माण के रूप में सडक़ों के राइट ऑफ वे आरओडब्ल्यू पर सभी अतिक्रमण को हटाने के लिए 16 अप्रैल 2026 के एक आदेश जारी किया था। आदेश में उन सभी उल्लघंनकर्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने को कहा था जो आवासीय भूखंड़ों में स्टिल्ट-4 में अनाधिकृत उपयोग/ कब्जे/ निर्माण में लिप्त हैं। इसके बाद सभी उपनिवेशवादियों/ डिवेलपरों/ प्लॉट/ फ्लोर मालिकों, अधिभोगियों, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य संबंधित व्यक्तियों को तत्काल प्रभाव से हरित / लॉन/ लैंडस्केप क्षेत्रों के साथ सीमा दीवारों के निर्माण के रूप में लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों की आंतरिक सडक़ों के रास्ते के अधिकार पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिए दिए थे। इसके अलावा, आवासीय भूखंड़ों के स्टिल्ट फर्श में किसी भी अनाधिकृत उपयोग/कब्जे/निर्माण को भी तुरत बंद करने व स्टिल्ट फर्श को अनुमोदित भवन योजनाओं के अनुसार अनुमत उपयोग के लिए सख्ती से बहाल करने की बात कही गई थी। इसमें विफल रहने पर जरुरी कार्रवाई करनोक निर्णय लिया गया था। डीटीपी ने साफ कहा कि अगर निर्देंशों की अनुपालन न हुई तो संलिप्त के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दि गेम चेंजर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# पंजाब वारियर्स ने फाइनल में स्पेशल सुप्रीमो को दी शिकस्त

**विजेता टीम को पदक पहनाकर सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम व अन्य खिलाड़ी।

जेएसी अंबाला द्वारा अपने सदस्यों के लिए "दि गेम चेंजर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सेसिल कांवेंट स्कूल के मैदान में किया गया। इस रोमांचक टूर्नामेंट में जेएसी अम्बाला के सदस्यों की 4 टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला स्पेशल सुप्रीमो और पंजाब वारियर्स के बीच खेला गया। इसमें पंजाब वारियर्स ने शानदार जीत हासिल की। विजेता टीम के कप्तान जेसी राकेश कपूर रहे। विजेता टीम को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्यों के लिए स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट लीडर्स जेसी विवेक गुप्ता और जेसी कमल गर्ग रहे जिनके कुशल प्रबंधन और अथक प्रयासों से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

#### आयोजन से खेल भावना को बढ़ावा

इस अवसर पर जेसीआई एलुमनी क्लब जोन-1 के चेयरमैन प्रशांत सिंगला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेएसी अंबाला के सचिव अनिल दत्त शर्मा, संयुक्त सचिव हिमांशु मित्तल, डायरेक्टर कैटरिंग आशीष मित्तल, दलवीर सिंह, कपिल देव यादव, हर्षित विंडलास, निखिल वर्मा, राहुल सूद भी मौजूद रहे। अंत में चेयरमैन जेएफएम विशेष धीमान ने अपने संबोधन में कहा कि, ऐसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि आपसी भाईचारे, एकता और टीमवर्क की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रोजेक्ट लीडर्स, आयोजकों और प्रतिभागियों का योगदान सराहनीय है। जे ए सी अम्बाला आगे भी ऐसे प्रेरणादायक और यादगार कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### युवा शक्ति अपराध और नशे से दूर रहे: वशिष्ठ

**अंबाला।** नारायणगढ़ रोड स्थित,भगवान परशुराम गौशाला खतौली में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थापना समारोह का आयोजन बहुत ही दिव्य,एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक परशुराम कल्याण सभा,ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन,सनातन टास्क फोर्स,सर्व धर्म समाज कल्याण सभा,श्री ठाकुरदास मंदिर कमेटी पंजोखरा, खेड़ा मंदिर कमेटी,सेठी एनक्लेव अंबाला,शहर द्वारा किया गया था।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज रत्न पंडित जिले राम पी चोलियां द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र वशिष्ठ एडवोकेट को उनके द्वारा किए जा रहे समाज हित में जागरूकता कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. जितेंद्र वशिष्ठ छात्र जीवन से ही युवा शक्ति को अपराध से नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने,समाज के हर वर्ग की बहन बेटी का सम्मान करने के लिए प्रेरित करने का कार्य करते आ रहे है।